# कार्यालय –अधिष्ठाता, छात्र कल्याण
# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–02

पत्रांक– 830/अ०छा०क०/2026 दिनांक– 20/07/2026

## : : सूचना : :

**द्वितीय वर्ष एवं उससे उच्च वर्ष के विद्यार्थियों हेतु छात्रावास आवेदन, शुल्क जमा एवं कक्ष आवंटन कार्यक्रम**

स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष एवं उससे उच्च वर्ष के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि छात्रावास आवेदन, शुल्क जमा तथा कक्ष आवंटन की प्रक्रिया निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार संचालित की जाएगी:

**छात्रावास आवेदन पत्र जमा करने की अवधि:**
22 जुलाई, 2026 से 24 जुलाई, 2026 तक

**छात्रावास शुल्क जमा करने की अवधि:**
22 जुलाई, 2026 से 24 जुलाई, 2026 तक

**कक्ष/बेड आवंटन की तिथि:**
25 जुलाई, 2026

**Step–01** छात्रावास हेतु आवेदन करने के लिए विद्यार्थी विश्वविद्यालय के ERP पोर्टल पर जाएँ:
वेबसाइट: erp.hbtu.ac.in

**Step–02** इसके बाद चयन करें: Hostel Management → Student Login

- विद्यार्थी लॉगिन करने के लिए उसी लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग करेंगे, जिसका उपयोग वे विश्वविद्यालय के Student Portal में लॉगिन करने हेतु करते हैं।
- सभी पात्र विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर छात्रावास आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर जमा करें तथा निर्धारित छात्रावास शुल्क का भुगतान सुनिश्चित करें। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन अथवा शुल्क भुगतान पर विचार नहीं किया जा सकता है।
- कक्ष/बेड आवंटन विद्यार्थी की पात्रता, छात्रावास में उपलब्धता, विद्यार्थी द्वारा चयनित प्राथमिकताओं तथा विश्वविद्यालय के लागू छात्रावास नियमों के अधीन होगा।
- विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन की स्थिति, शुल्क भुगतान की पुष्टि तथा कक्ष आवंटन से संबंधित नवीनतम जानकारी के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय ERP पोर्टल देखते रहें।

**अधिष्ठाता, छात्र कल्याण**
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर।

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. समस्त सह अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच०बी०टी०यू०, कानपुर।
2. समस्त, छात्रावास अभिरक्षक (पूर्वी एवं पश्चिमी प्रंगण), एच०बी०टी०यू०, कानपुर।
3. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा० कुलपति जी, एच०बी०टी०यू०, कानपुर के संज्ञानार्थ।
4. सिस्टम मैनेजर, एच०बी०टी०यू०, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित की उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेब साइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

**अधिष्ठाता, छात्र कल्याण**
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर।

Scanned with OKEN Scanner